e-Mail

**बिहार सरकार**

**राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग**

**(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)**

**स0सं0:– 03/भू0अ0नि0 (6) विशेष सर्वे (कैथी प्रशिक्षण)–21/2024**....1241.....

प्रेषक,

**कमलेश कुमार सिंह,** भा0प्र0से0
निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना।

सेवा में,

**बन्दोबस्त पदाधिकारी,**
गया।

पटना, दिनांक :- 13/03/2025

विषय :– बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्यक्रम अंतर्गत प्रपत्र–5 के संधारण हेतु आवश्यक विगत सर्वेक्षण खतियान के कैथी भाषा में होने के कारण आने वाली कठिनाईयों को देखते हुए कैथी भाषा से संबंधित जिला स्तरीय प्रशिक्षण के संबंध में।

प्रसंग :– भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना का पत्रांक–13734 दिनांक–11.09.2024, पत्रांक–13802 दिनांक–19.09.2024 एवं पत्रांक–13935 दिनांक–01.10.2024

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि प्रासंगिक पत्र के आलोक में विभिन्न जिलों के अनुरोध एवं कैडेस्ट्रल सर्वे के खतियान के कैथी भाषा में होने के कारण विभिन्न बन्दोबस्त कार्यालयों में 03 दिवसीय कैथी लिपि का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इस संबंध में आपके अनुरोध पर बन्दोबस्त कार्यालय, गया अंतर्गत कैथी लिपि का प्रशिक्षण कार्यक्रम निम्नवत निर्धारित किया जाता है:–

| **क्र0 सं0** | **बन्दोबस्त कार्यालय का नाम** | **प्रशिक्षण की तिथि** | **प्रशिक्षण का स्थान** |
|---|---|---|---|
| 01. | गया | 18.03.2025 से 20.03.2025 एवं 25.03.2025 से 27.03.2025 तक | राजस्व (सर्वे) प्रशिक्षण संस्थान, बोधगया |

**<u>कैथी लिपि से संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रम की विवरणी</u>**

| **कार्य दिवस** | **10:00 पूर्वा0 से 11:30 अप0** | **11:30 अप0 से 01:00 अप0** | **01:00 अप0 से 2:00 अप0** | **2:00 अप0 से 3:30 अप0** | **3:30 अप0 से 5:00 अप0** |
|---|---|---|---|---|---|
| प्रथम दिन | कैथी लिपि (मिथिला प्रक्षेत्र) | कैथी लिपि (मिथिला प्रक्षेत्र) | भोजनावकाश | कैथी लिपि (मिथिला प्रक्षेत्र) | कैथी लिपि (मिथिला प्रक्षेत्र) |
| द्वितीय दिन | कैथी लिपि (मगध प्रक्षेत्र) | कैथी लिपि (मगध प्रक्षेत्र) | | कैथी लिपि (मगध प्रक्षेत्र) | कैथी लिपि (मगध प्रक्षेत्र) |
| तृतीय दिन | कैथी लिपि (भोजपुरी प्रक्षेत्र) | कैथी लिपि (भोजपुरी प्रक्षेत्र) | | कैथी लिपि (भोजपुरी प्रक्षेत्र) | कैथी लिपि (भोजपुरी प्रक्षेत्र) |

उक्त प्रशिक्षण पूर्व से चयनित प्रशिक्षक, श्री प्रीतम कुमार, रिसर्च स्कॉलर, बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी एवं मो0 वकार अहमद, छपरा, मो0 नं0–7856853190 द्वारा दिया जाएगा। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में बन्दोबस्त कार्यालय, गया में पदस्थापित सभी विशेष सर्वेक्षण अमीन, कानूनगो एवं सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी कार्यक्रम के अनुसार भाग लेंगे।

बन्दोबस्त कार्यालय, गया में पदस्थापित विशेष सर्वेक्षण कर्मियों के संख्या बल के आधार पर उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम 02 सत्र में 06 दिवसीय निर्धारित किया गया है। प्रशिक्षणार्थियों के शिविरवार प्रशिक्षण कार्यक्रम का निर्धारण अपने स्तर से करना सुनिश्चित करेंगे।

राजस्व (सर्वे) प्रशिक्षण संस्थान, बोधगया आवासीय प्रशिक्षण केन्द्र है, जहाँ आवासन एवं खान–पान की सुविधा निर्धारित दर पर उपलब्ध है, अतएव प्राचार्य से स्थानीय स्तर पर समन्वय स्थापित करते हुए प्रशिक्षण संपन्न कराया जाए।

प्रशिक्षण समाप्ति के उपरांत संबंधित प्रशिक्षकों के मानदेय भुगतान हेतु उनका प्रशिक्षण दिये जाने की तिथि तथा प्रशिक्षण के घंटों को प्रमाणित करने के साथ प्रशिक्षक का बैंक विवरणी यथा–नाम, बैंक का नाम, शाखा का नाम, खाता संख्या, आई0एफ0एस0 कोड, उनके आधार कार्ड एवं पैन कार्ड को अभिप्रमाणित करते हुए निदेशालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाय ताकि निदेशालय द्वारा ससमय भुगतान किया जा सके।

विश्वासभाजन
13/3/25
**(कमलेश कुमार सिंह)**
निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक : 03/भू0अ0नि0 (6) विशेष सर्वे (कैथी प्रशिक्षण)–21/2024**....1241.......**पटना, दिनांक** :13/03/2025

**प्रतिलिपि :** श्री प्रीतम कुमार, रिसर्च स्कॉलर, बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी एवं मो0 वकार अहमद, छपरा, मो0 नं0–7856853190 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

13/3/25
**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक : 03/भू0अ0नि0 (6) विशेष सर्वे (कैथी प्रशिक्षण)–21/2024**....1241.......**पटना, दिनांक** :13/03/2025

**प्रतिलिपि :** सभी बन्दोबस्त पदाधिकारी/सभी प्रभारी पदाधिकारी, बन्दोबस्त/सभी सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी (मु0), बिहार (प0 चम्पारण, दरभंगा, समस्तीपुर, सिवान, सारण, मुंगेर एवं जमुई को छोड़कर) को सूचनार्थ प्रेषित।

13/3/25
**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक : 03/भू0अ0नि0 (6) विशेष सर्वे (कैथी प्रशिक्षण)–21/2024**....1241.......**पटना, दिनांक** :13/03/2025

**प्रतिलिपि :** प्राचार्य, राजस्व (सर्वे) प्रशिक्षण संस्थान, बोधगया को सूचनार्थ एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम में आवश्यक सहयोग करने हेतु प्रेषित।

13/3/25
**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक : 03/भू0अ0नि0 (6) विशेष सर्वे (कैथी प्रशिक्षण)–21/2024**....1241.......**पटना, दिनांक** :13/03/2025

**प्रतिलिपि :** विशेष कार्य पदाधिकारी/अवर सचिव–सह–निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, भू–अभिलेख एवं परिमाप/प्रशाखा पदाधिकारी/प्रशाखा पदाधिकारी, बजट शाखा/निदेशालय में पदस्थापित सभी प्रमंडलों के नोडल पदाधिकारी/प्रभारी, विशेष सर्वेक्षण कोषांग/प्रभारी, आई0टी0 सेल, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

13/3/25
**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक : 03/भू0अ0नि0 (6) विशेष सर्वे (कैथी प्रशिक्षण)–21/2024**....1241.......**पटना, दिनांक** :13/03/2025

**प्रतिलिपि :** अपर मुख्य सचिव/सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

13/3/25
**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक : 03 / भू0अ0नि0 (6) विशेष सर्वे (कैथी प्रशिक्षण)—21 / 2024**/241........................**पटना, दिनांक** 13/03/2025 :....................

**प्रतिलिपि :** प्रोग्रामर, भू–अभिलेख एवं परिमाप को सूचनार्थ एवं विभागीय बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

13/3/25

**निदेशक**

भू–अभिलेख एवं परिमाप